उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में 67वाँ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

देश का 67वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह **उष्णकटिबधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. यू. प्रकाशम द्वारा कार्यालय प्रमुख महोदय पी. सुब्रमण्यम, समूह समन्वयक अनुसंधान डॉ. एस. ए. अंसारी, अवर सचिव महोदय राजाराम सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एन. रॉयचौधरी, डॉ. एन. कुलकर्णी, डॉ. के. के. सोनी, डॉ. योगेश्वर मिश्रा, , डॉ. आर. के. वर्मा, डॉ. अविनाश जैन, डॉ. नीलू सिंह, डॉ. गिरीश चन्द्रा, डॉ ननिता बेरी, हरिओम सक्सेना समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर निदेशक महोदय, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने स्वतंत्रता

सेनानियों को याद करते हुए नमन किया। अपने उदबोधन में निदेशक महोदय ने वन अनुसंधान को आगे बढ़ाकर देश के विकास में सहयोग करने की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने

समस्त अनुसंधानकर्ताओ से अपील की कि अनुसंधान परियोजनाएँ इस तरह से बनाई एवं कार्यान्वित हो की उनका लाभ सीधे तौर पर वन एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए हितग्राहियों को मिल सके । निदेशक महोदय ने देश की आजादी के 67 वर्षो के दौरान हुई प्रगति पर प्रकाश डाला । उन्होने समस्त लोगों से अपने निर्धारित कार्यों को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ संपन्न करने का आव्हान किया । अंत में निदेशक महोदय डॉ. यू. प्रकाशम एवं कार्यालय प्रमुख महोदय पी. सुब्रमण्यम द्वारा समस्त उपस्थित जनों को हाथ मिलाकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं कार्यक्रम का समापन मिष्ठान्न वितरण के साथ हुआ । कार्यक्रम में को पूर्ण रूप सए सफल बनाने में डॉ. एस. एन. मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, रतन गुप्ता, दीपक यादव, एच. डी. पाठक, एन. करंडे, यू. आर. के. राजू का विशेष योगदान रहा ।